एसेक्स काउंटी काउंसिल

दो, तीन और चार साल के बच्चों के लिए नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा पात्रता

माता-पिता के लिए गाइड

सितंबर 2017

Essex County Council

विषय वस्तु

1. परिचय 3

2. अर्हता 4

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

3. लचीलापन 9

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

4. गुणवत्ता 15

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

5. FEEE स्थानों की फंडिंग 16

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

1. परिचय

इस गाइड में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर यह व्याख्या करने की कोशिश करते हैं कि कैसे एसेक्स काउंटी काउंसिल (ECC) दो साल के और सभी तीन तथा चार साल के पात्र बच्चों के डे नर्सरी, प्री-स्कूल, चाइल्डमाइंडर्स, नर्सरी स्कूल और स्कूल तथा एकेडमी नर्सरी कक्षाओं के लिए नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा निधि प्रदान करती है। ये प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर प्रदाताओं को अनुरक्षित, और निजी, स्वैच्छिक और स्वतंत्र (PVI) सेक्टर के रूप में जाना जाता है।

इससे पहले कि प्रारंभिक वर्षों के चाइल्डकेयर प्रदाता कोई नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा पात्रता (FEEE) प्रदान कर सकें, उनके पास ECC के साथ फंडिंग समझौता अवश्य होना चाहिए। यह उनके □□ ECC के बीच एक बाध्यकारी अनुबंध बनाता है और बताता है कि उन्हें अनुबंध की शर्तों और आवश्यकताओं और शिक्षा विभाग (DfE) की ‘प्रारंभिक शिक्षा और चाइल्डकेयर: स्थानीय प्राधिकारियों के लिए वैधानिक मार्गदर्शन’ का पालन करना होगा। सभी प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता FEEE नि:शुल्क प्रदान नहीं करेंगे, या केवल FEEE के कुछ तत्व उपलब्ध करा सकते हैं

यह नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा पात्रता क्या है?

- FEEE सरकार के उस विजन के केंद्र में है जिसमें सभी बच्चों को प्रारंभिक वर्षों में उच्च गुणवत्ता अधिगम और शिक्षा तक पहुंच दी गयी है।
- साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि नियमित रूप से अच्छी गुणवत्ता की प्रारंभिक अधिगम और शिक्षा से सभी बच्चों को लंबे समय तक फायदे मिलते हैं।
- दो साल के बच्चों के लिए FEEE सार्वभौमिक नहीं है और केवल निश्चित मानदंडों को पूरा करने वाले परिवारों को ही सुलभ है। FEEE के लिए पात्र बच्चे वर्ष भर में 570 घंटे के लिए हकदार होंगे जिन्हें कम से कम 33 सप्ताह और अधिकतम 52 सप्ताह तक किया जा सकता है। इस पात्रता को ग्यारह से पंद्रह हफ्तों तक की तीन अवधियों में विभाजित किया जाता है जो स्कूल की अवधियों को प्रतिबिंबित करते हैं।
- FEEE तीन और चार वर्ष तक के बच्चों के लिए एक सार्वभौमिक नि:शुल्क प्रावधान है जो प्रत्येक बच्चे के तीसरे जन्मदिन के बाद की अवधि से लेकर तब तक के लिए है जब तक वे अनिवार्य स्कूल आयु सीमा तक नहीं पहुंचते हैं। FEEE के लिए पात्र बच्चे वर्ष भर में 570 घंटे के लिए हकदार होंगे जिन्हें कम से कम 33 सप्ताह और अधिकतम 52 सप्ताह तक किया जा सकता है। इस पात्रता को ग्यारह से पंद्रह हफ्तों तक की तीन अवधियों में विभाजित किया जाता है जो स्कूल की अवधियों को प्रतिबिंबित करते हैं।
- सितंबर 2017 से पात्र कामकाजी माता-पिता विस्तारित नि:शुल्क पात्रता (ईईएफ) तक पहुंच प्राप्त कर सकेंगे जिसमें यूनिवर्सल पात्रता से ऊपर 15 घंटे के अलावा, उन्हें अतिरिक्त 15 घंटे की FEEE

देते हैं। आप "30 घंटे की पेशकश" के रूप में वर्णित इस पात्रता को देख सकते हैं, पात्र बच्चों को वर्ष भर में 570 घंटो की FEEE के हकदार होगें, जिन्हें न्यूनतम 33 सप्ताह और अधिकतम 52 सप्ताह तक किया जा सकता है। इस पात्रता को ग्यारह से पंद्रह हफ्तों तक की तीन अवधियों में विभाजित किया जाता है जो स्कूल की अवधियों को प्रतिबिंबित करते हैं।

2. अर्हता - क्या मैं □□ FEEE स्थान के लिए आवेदन कर सकता/सकती हूं?

परिणामी बच्चे उच्च गुणवत्ता युक्त प्रारंभिक अधिगम और शिक्षा प्राप्त करते हैं, भले ही उनके माता-पिता भुगतान करने के योग्य न हो – यहां उन्हें सामाजिक, शारीरिक और मानसिक विकास का लाभ देने और उन्हें स्कूल के लिए तैयार होने में मदद दी जाती है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि नियमित, उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक शिक्षा के सभी बच्चों के लिए स्थायी लाभ होते हैं।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रश्न. क्या मेरा दो साल का बच्चा नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा और चाइल्डकेयर के लिए अर्ह है?

उत्तर. दो साल के बच्चों की नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा और चाइल्डकेयर तक पहुंच है, यदि वे नीचे दिए गए एक या अधिक मानदंडों को पूरा करते हैं तो:

- उनके माता-पिता/देखभालकर्ता के पात्रता मानदंडों को पूरा करने को निःशुल्क स्कूली भोजन के लिए भी उपयोग किया जाता है, जैसा कि नीचे वर्णित है:
    - आय सहायता
    - आय आधारित नौकरी इच्छुकों का भत्ता
    - आय संबंधित रोजगार और सहायता भत्ता
    - इमिग्रेशन एंड असाइलम एक्ट 1999 के भाग VI के तहत सहायता
    - राज्य पेंशन क्रेडिट के गारंटीशुदा तत्व
    - चाइल्ड टैक्स क्रेडिट (लेकिन वर्किंग टैक्स क्रेडिट नहीं) और उनकी वार्षिक □□ £16,190 से अधिक नहीं हो
    - रोजगार खत्म होने के तुरंत बाद चार सप्ताह की अवधि के दौरान वर्किंग टैक्स क्रेडिट या इसके बाद जब वे प्रति सप्ताह 16 घंटे से कम काम करना शुरू करते हैं
- उनके परिवार को वर्किंग टैक्स क्रेडिट प्राप्त होता है और उनकी वार्षिक □□□ □□ £16,190 से अधिक नहीं है

- उनके परिवार को यूनिवर्सल क्रेडिट प्राप्त होता है और उनकी मासिक □□ DfE की आयसीमा से अधिक नहीं होती है
- उनके पास विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं (SEN) का या कि शिक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल योजना का मौजूदा विवरण है
- वे विकलांगता गुजारा भत्ता प्राप्त कर रहे हैं
- उनकी देखरेख किसी स्थानीय प्राधिकार द्वारा की जाती है
- उन्होंने किसी गोद लेने संबंधी आदेश, विशेष संरक्षकता आदेश या किसी बच्चे की व्यवस्था संबंधी आदेश, जो स्पष्ट करता है कि वे किसके साथ रहते हैं, के जरिए देखभाल छोड़ दी है

प्रश्न. मैं अपने दो साल के बच्चे लिए एक नि:शुल्क नर्सरी स्थान के लिए कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूं?

उत्तर. आप ऑनलाइन फंडिंग के लिए, प्रारंभिक वर्षों में बच्चों की देखभाल करने वाले, फैमिली हब, हेल्थ विजिटर, सामाजिक कार्यकर्ता या विशेषज्ञ शिक्षक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए https://emsonline.essexcc.gov.uk/CitizenPortal_LIVE/ पर जाएं और पंजीकरण कराएं। ऐसा करने के लिए आपको लॉग इन करके आवेदन को पूरा करने के लिए 'दो साल के बच्चों के लिए नियमित वित्तपोषित शिक्षा' पर क्लिक करने की जरूरत होती है। आपके अपना फॉर्म जमा करने के बाद आपकी अर्हता जांची जाएगी और अर्ह होने पर आपको एक संदर्भ संख्या दी जाएगी जिसे लेकर आप नि:शुल्क स्थान हासिल करने के लिए प्रारंभिक वर्षों के चाइल्डकेयर प्रदाता के पास जा सकते हैं।

प्रश्न. मैं अपने दो साल के बच्चे लिए एक नि:शुल्क नर्सरी स्थान का उपयोग कब कर सकता/सकती हूं?

उत्तर. दो वर्ष के पात्र बच्चे अपने दूसरे जन्मदिन के बाद की अवधि से FEEE वित्तपोषित स्थान का उपयोग कर सकते हैं, नीचे देखें:

इस दौरान पैदा हुआ बच्चा	**फंडिंग के लिए अर्ह**
1 अप्रैल - 31 अगस्त	दूसरे जन्मदिन के बाद 1 सितंबर को
1 सितंबर - 31 दिसंबर	अपने दूसरे जन्मदिन के बाद 1 जनवरी को
1 जनवरी - 31 मार्च	अपने दूसरे जन्मदिन के बाद 1 अप्रैल को

प्रश्न. मुझे अपना नि:शुल्क नर्सरी स्थान पाने के लिए कौन सी जानकारी देनी होगी?

उत्तर. प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता FEEE के लिए बच्चे की पात्रता की जांच हेतु अपने बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र दिखाने को कहेंगे।

यदि आप दो वर्षीय के FEEE के लिए आवेदन कर रहे हैं और आप निःशुल्क स्कूल भोजन मानदंड के अंतर्गत

पात्र नहीं हैं, तो आपको अपनी पात्रता के लिए अन्य प्रमाण प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है, जैसे कि टैक्स क्रेडिट पात्रता के लिए TC602a फॉर्म की फोटोकॉपी।

दो साल के बच्चों के लिए नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा पात्रता के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए:

- किसी प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता के पास जाएं, जिसे आप http://www.essex.gov.uk/Education-Schools/Early-Years-Childcare/Pages/Early-years-and-childcare.aspx पर अपने निकटतम ही पा सकते हैं
  - किसी फ़ैमिली हब पर जाएं, जिसे आप http://www.essex.gov.uk/Education-Schools/Early-Years-Childcare/Pages/List-of-childrens-centres.aspx पर अपने निकटतम ही पा सकते हैं
- अपने हेल्थ विजिटर या नियत सामाजिक कार्यकर्ता से बात करें
- परिवार सूचना सेवा से fis@essex.gov.uk पर ईमेल के जरिए या टेलीफोन द्वारा 0800 055 6874 पर संपर्क करें

प्रश्न. प्रारंभिक वर्ष छात्र प्रीमियम (EYPP) क्या है और मेरे प्रदाता ने मुझे एक और फॉर्म को भरने के लिए क्यों कह रहा है?

उत्तर. जिन तीन और चार साल के बच्चे जिन्हें नि:शुल्क पात्रता मिलती है, वे प्रारंभिक वर्ष छात्र प्रीमियम (EYPP) के लिए अर्ह हो सकते हैं। EYPP प्रारंभिक वर्ष में चाइल्डकेयर प्रदाताओं को अतिरिक्त पैसे प्रदान करता है जिससे वे अपने अधिगम और विकास का समर्थन करके बच्चों के परिणामों में सुधार कर सकें। प्रारंभिक वर्ष में चाइल्डकेयर प्रदाता प्रारंभिक अधिगम और शिक्षा के लिए 570 घंटों की पूरी वित्तपोषित पात्रता लेने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए वर्ष में £302 से अधिक पा सकते हैं और यह अतिरिक्त फंड उनके लिए वास्तविक फर्क पैदा कर सकता है।

बच्चे वे EYPP पाने के लिए पात्र हैं, यदि वे तीन या चार साल के हैं, FEEE प्राप्त करते हैं और उनके माता-पिता नि:शुल्क स्कूली भोजन के लिए उपयोग किए जाने वाले मानदंडों को पूरा करते हैं। ऐसे बच्चे भी अर्ह हैं यदि वे:

- कम से कम एक दिन लिए स्थानीय प्राधिकार की देखरेख में रहे हों
- केयर से गोद लिए गए हों
- विशेष संरक्षकता के जरिए केयर छोड़ चुके हों
- किसी बच्चे संबंधी व्यवस्था के आदेश के अधीन हैं।

आपके प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता अतिरिक्त पैसे का सबसे अच्छा उपयोग करें इसके लिए वे आपके साथ भागीदारी में आपके बच्चे के शिक्षा और विकास की आवश्यकताओं को सावधानीपूर्वक ध्यान में रखेगा, और निम्नलिखित क्षेत्रों में उनकी सहायता करेगा:

- व्यक्तिगत, सामाजिक और भावनात्मक विकास
- संप्रेषण और भाषा
- शारीरिक विकास
- साक्षरता।

प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध समझौते के समय ही सभी माता-पिता से प्रारंभिक वर्ष छात्र प्रीमियम स्वैच्छिक पंजीकरण फॉर्म को पूरा करने के लिए कहेंगे ताकि वे जांच कर सकें कि क्या अतिरिक्त बच्चों को शामिल करने के लिए अतिरिक्त फंड को आकर्षित करना है या नहीं।

प्रश्न. मेरा बच्चा 3 या 4 साल में कब नि:शुल्क पात्रता फंडिंग के लिए अर्ह होता है?

उत्तर. उसके तीसरे जन्मदिन के बाद की अवधि में, नीचे देखें:

इस दौरान पैदा हुआ बच्चा	**फंडिंग के लिए अर्ह**
1 अप्रैल - 31 अगस्त	तीसरा जन्मदिन के बाद 1 सितंबर को
1 सितंबर - 31 दिसंबर	अपने तीसरा जन्मदिन के बाद 1 जनवरी को
1 जनवरी - 31 मार्च	अपने तीसरा जन्मदिन के बाद 1 अप्रैल को

मौजूदा वैधानिक मार्गदर्शन के अनुसार DfE द्वारा तारीखें निर्धारित की गई हैं

प्रश्न. मैं अपने 3 वर्ष के बच्चे के लिए नि:शुल्क स्थान का आवेदन कैसे करूं?

उत्तर. यदि आपका बच्चा पहले से ही प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता के पास जा रहा है तो वे आपकी ओर से FEEE का दावा करेंगे और आपसे इसकी पुष्टि करने के लिए एक माता-पिता/देखभालकर्ता समझौते के फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए कहेंगे। अगर आपका बच्चा अभी तक प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता के पास पंजीकृत नहीं है, तो आपको नि:शुल्क स्थान प्रदान करने वाले कोई प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता खोजना होगा और अपने बच्चे को उनके पास पंजीकृत करना होगा।

आप http://www.essex.gov.uk/Education-Schools/Early-Years-Childcare/Pages/Early-years-and-childcare.aspx पर प्रदाता की खोज कर सकते हैं

या परिवार सूचना सेवा से fis@essex.gov.uk पर ईमेल द्वारा या टेलीफोन के जरिए 0800 055 6874 पर संपर्क करें

प्रश्न. क्या मैं विस्तारित नि:शुल्क पात्रता के लिए अर्ह हूं और मैं इसमें कैसे दावा कर सकता/सकती हूं?

उत्तर. अब आप नई चाइल्डकेयर विकल्प वेबसाइट पर सभी सरकारी चाइल्डकेयर सहायता का स्पष्ट विवरण प्राप्त कर सकते हैं: www.childcarechoices.gov.uk

तीन और चार वर्ष के बच्चों के लिए विस्तारित नि:शुल्क पात्रता (EFE) इंग्लैंड में सितंबर 2017 से उपलब्ध होगी। यह वर्तमान में उपलब्ध मौजूदा 15 घंटों को दोगुना कर देती है और कामकाजी परिवारों को वर्ष में £5,000 तक बचत करा सकती है।

आप ऑनलाइन चाइल्डकेयर कैलकुलेटर www.gov.uk/childcare-calculator का उपयोग करके अपनी अर्हता की जांच करने में सक्षम होंगे और, यदि अर्ह हैं, तो सितंबर से पूर्व ऑनलाइन आवेदन जमा करें। एक बार साइन अप करने के बाद, अपने चाइल्डकेयर प्रदाता के पास ले जाने के लिए आपको एक अर्हता कोड प्राप्त होगा। प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता तब अपने स्थानीय प्राधिकरण के साथ आपके कोड की जांच करेंगे यदि अर्ह हैं, तो माता-पिता अतिरिक्त 15 घंटे तक के लिए अपना EFE स्थान बुक कर सकते हैं।

तीन और चार वर्ष के बच्चों के कामकाजी माता-पिता को EFE में 15 अतिरिक्त घंटों की अर्हता के लिए निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करने की आवश्यकता होगी:

- वे 16 घंटे के बराबर राष्ट्रीय न्यूनतम या जीवन निर्वाह मजदूरी अर्जित करते हैं अथवा आगामी तीन महीनों में इतने की उम्मीद करते हैं।
- यह 25 वर्ष की उम्र के प्रत्येक माता-पिता के लिए प्रति सप्ताह £120 (या c.£6,000 प्रति वर्ष) के बराबर है अथवा 21 से 24 वर्ष के बीच प्रत्येक माता-पिता के लिए £112.80 प्रति सप्ताह (या c.£5,800 प्रति वर्ष) और अपने प्रथम वर्ष में प्रशिक्षुओं के लिए प्रति सप्ताह £56 है।
- यह तब भी लागू होगा चाहे आप सवेतन रोजगार, स्वरोजगार पर हैं या शून्य घंटे वाले अनुबंध पर।
- माता-पिता (और उनके सहयोगी जहां लागू हो) को नि:शुल्क चाइल्डकेयर की तलाश करना चाहिए ताकि वे काम करने में सक्षम हो।
- जहां एक या दोनों माता-पिता मातृत्व, पितृत्व, शेयर्ड पैरेंटल या गोद लेने संबंधी छुट्टी पर हैं, या कि यदि वे वैधानिक बीमारी अवकाश पर हैं।
- जहां माता-पिता में से कोई एक आय मानदंड को पूरा करता है और दूसरा असमर्थ है, क्योंकि विकलांग है, उनके ऊपर देखभाल की जिम्मेदारी है या उनका मूल्यांकन काम करने की सीमित क्षमता वाले व्यक्ति के रूप में किया गया है।
- जहां माता-पिता में से कोई एक 'स्टार्ट-अप पीरियड' में हैं (उदा. उन्होंने नया स्वरोजगार शुरू किया है) तो उन्हें यह प्रदर्शित करने की जरूरत नहीं है कि वे 12 महीनों के लिए आय मानदंड को पूरा करते हैं।
- अगर एक या माता-पिता दोनों गैर-EEA राष्ट्र से हैं, तो आवेदन कर रहे माता-पिता को सार्वजनिक निधियों का अवश्य सहारा होना चाहिए

मुख्य ECC की परिवार सूचना सेवा (FIS) के वेबपेज पर यहां http://www.essex.gov.uk/Education-Schools/Early-Years-Childcare/Pages/Early-years-and-childcare.aspx माता-पिता के लिए भी जानकारी है।

आपको जरूरत होगी कि आपने EFE का दावा कर दिया हो और आपको अवधि की शुरुआत से **पहले** उस अवधि में अपनी फंडिंग तक पहुंच के लिए पात्रता कोड मिल गया हो जो निम्नवत है:

EFE कट-ऑफ दिनांक	**टर्म फंडिंग के भुगतान की शुरुआत**
31 अगस्त	शरद अवधि
31 दिसंबर	बसंत अवधि
31 मार्च	ग्रीष्म अवधि

यदि आप इस समयसीमा को गंवा देते हैं, तो आप अगली अवधि तक अपने EFE का दावा नहीं कर सकेंगे, और यदि आपका बच्चा इससे पहले जाना शुरू करता है तो आपको चाइल्डकेयर के लिए शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है

प्रश्न. यदि माता-पिता विस्तारित पात्रता तक पहुंच हासिल करते हैं तो वे किस तरह के कुछ लाभ खो सकते हैं?

उत्तर. जब आप विस्तारित पात्रता लेते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करने हेतु अपने लिए उन सभी खुले विकल्पों को देखना होगा ताकि आप द्वारा चुना जाने वाला सर्वश्रेष्ठ पैकेज आपके किसी भी संभावित लाभ को प्रभावित नहीं करे। महारानी की राजस्व और सीमा शुल्क (HMRC) वेबसाइट कहती है:

अर्हता मानदंड टैक्स-फ्री चाइल्डकेयर के बिल्कुल समान हैं, सिवाय इसके कि माता-पिता उसी समय विस्तारित पात्रता फंडिंग के जैसी निम्नलिखित प्रकार की सहायता प्राप्त करना जारी रख सकते हैं:

- टैक्स क्रेडिट
- यूनिवर्सल क्रेडिट
- चाइल्डकेयर वाउचर या वेतन त्याग योजनाएं
- चाइल्डकेयर ग्रांट्स और सहायताएं

यह संभव है कि वर्किंग टैक्स क्रेडिट का चाइल्डकेयर तत्व प्रभावित हो सकता है क्योंकि आप चाइल्डकेयर के लिए कम भुगतान कर रहे होंगे।

आपको अपने निर्णण करने में चाइल्डकेयर विकल्प लागत कैलकुलेटर का उपयोग करना मददगार हो सकता है। यह

https://childcare-support.tax.service.gov.uk/par/app/extendedentitlement पर मिल सकता है

प्रश्न. मैं चाइल्डकेयर के लिए एक चाइल्डमाइंडर का उपयोग करता/करती हूं। क्या वे मेरी ओर से नि:शुल्क पात्रता फंडिंग का दावा करने में सक्षम हैं?

उत्तर. हां, वे सभी चाइल्डमाइंडर्स FEEE निधि का दावा कर सकते हैं जब तक कि वे;

- ऑफस्टेड के साथ पंजीकृत हैं,
- तीन से चार वर्ष के बच्चों को FEEE उपलब्ध कराने के लिए अच्छा, उत्कृष्ट या सुधार आवश्यक का कोई ऑफस्टेड निर्णय है
- दो वर्ष के अर्ह बच्चों को FEEE उपलब्ध कराने के लिए अच्छा या उत्कृष्ट कोई ऑफस्टेड निर्णय है
- ECC के साथ □□ FEEE फंडिंग अनुबंध है

प्रश्न. क्या होगा यदि किसी प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता के पास कोई ऑफस्टेड निर्णय नहीं हो? क्या वे मेरी ओर से नि:शुल्क पात्रता फंडिंग का दावा करने में सक्षम हैं?

उत्तर. हां। नए पंजीकृत प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता अपने पहले ऑफस्टेड निरीक्षण से पहले FEEE पेशकश कर ने के पात्र होगें। हालांकि, उनका ऑफस्टेड निरीक्षण का परिणाम यह निर्धारित करेगा कि वे FEEE की पेशकश जारी रख सकते हैं या नहीं और कि क्या वे अभी भी दो साल के पात्र बच्चों के लिए स्थानों की पेशकश कर सकते हैं

DfE वैधानिक मार्गदर्शन के अनुसार उन्हें अवश्य ही;

- छात्रों के आध्यात्मिक, नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के संबंध में स्वतंत्र स्कूल मानकों को पूरा करना चाहिए
- सक्रिय रूप से लोकतंत्र के ब्रिटिश मूलभूत मूल्यों, कानून का राज, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आपसी सम्मान तथा विभिन्न धर्मों एवं मतों के बीच सहिष्णुता को बढ़ावा देना चाहिए
- उन मूल्यों को वास्तविक विचार या सिद्धांतों के रूप में बढ़ावा नहीं देना चाहिए जो वैज्ञानिक या ऐतिहासिक साक्ष्य और व्याख्या के विपरीत हों

मैं एक पंजीकृत चाइल्डमाइंडर हूं, क्या मैं अपने बेटे पर ध्यान देने के लिए FEEE का दावा कर सकता/सकती हूं?

उत्तर. नहीं, उन बच्चों को प्रारंभिक अधिगम एवं शिक्षा और चाइल्डकेयर प्रदान करने हेतु नि:शुल्क फंड का दावा करने के लिए चाइल्डमाइंडर्स को अनुमति नहीं है जो उनके परिवार के सदस्य हैं, उदा. यदि वे बच्चे के माता-पिता, दादा-दादी, भाई या बहन, चाची या चाचा हैं। कृपया ध्यान दें इसे एसेक्स काउंटी काउंसिल नहीं, बल्कि सरकार द्वारा तय चाइल्डकेयर कानून 2006 की धारा 18 में परिभाषित किया गया है

3. लचीलापन - लचीलेपन का क्या मतलब है?

परिणाम: बच्चे अपने पूर्ण FEEE ऐसे समय लेने में सक्षम होते हैं, जो उन्हें उनके अधिगम में सर्वश्रेष्ठ समर्थन करते हैं और जो माता-पिता की जरूरतों के साथ फिट बैठते हैं।

FEEE डिलीवर करने वाले प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को अवश्य ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पात्रता आपको इस तरह प्रदान की जाती है जो आपकी जरूरतों को पूरा करती हो और आपको एक निःशुल्क स्थान तक पहुंचने के संबंध में वास्तविक विकल्प देती हो।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रश्न. मुझे कैसे पता चलेगा मुझे जो मिल पा रहा है, उसके लिए मैं पात्र हूं?

उत्तर. आपके प्रदाता को आपके साथ माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध को पूरा **करना होगा** क्योंकि यह निर्धारित करता है कि □□ FEEE तक कैसे पहुंच हासिल कर रहे हैं, और इसे आपके बच्चे की ओर से चाइल्डकेयर प्रदाता के साथ हासिल की जा रही FEEE तक पहुंच की तुलना में अधिक घंटे नहीं होना चाहिए। यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि आपको फॉर्म पर हस्ताक्षर करने से पहले अपने बच्चे के स्थान के बारे में संबंधित सभी विवरणों का पता हो। सुनिश्चित कर लें कि आपको किसी भी अतिरिक्त लागत के बारे में पता हो और यह भी कि ये किसके लिए हैं। प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपनी पात्रता का उपयोग कर सकें जब तक कि आपके बच्चे के स्थान लेने से पहले इन पर सहमति न बन जाए। कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें:

- फॉर्म को पूरा करके हस्ताक्षर करना आपके और प्रदाता के बीच सत्र की अवधि के लिए संविदात्मक समझौते की पुष्टि करता है।
- माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म सत्र की अवधि के लिए FEEE के घंटों/हफ्तों की संख्या को दर्ज करता है
- माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म आपको सूचित करता है कि यदि आप अपने बच्चे को गणना के बाद स्थानांतरित करने का निर्णय लेते हैं, तो उस अवधि में जब प्रदाता वित्तपोषित बच्चों का ECC डेटा प्रदान करता है, आप नए प्रदाता को पूर्ण शुल्क का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं
- तीन और चार वर्ष के बच्चों हेतु FEEE के लिए माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म दर्ज करता है कि क्या आप एक या दो प्रावधानों की फंडिग तक पहुंच हासिल कर रहे हैं
- माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म आपको सूचित करता है कि कैसे घंटे लिए जा सकते हैं
- माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म आपको सूचित करता है कि अतिरिक्त शुल्क लगाए जा सकते हैं
- माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म आपको किसी सत्र में ज्यादा बढ़ते घंटे के प्रतिबंधों के बारे में सूचित करता है
- माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म आपको सूचित करता है कि यदि आपका बच्चा स्कूल जाना शुरू करता है तो क्या होता है

प्रश्न. क्या लंच या भोजन के समय को नि:शुल्क पात्रता में शामिल किया जा सकता है और क्या इसके लिए भुगतान करना होगा?

उत्तर. हां। नि:शुल्क पात्रता घंटे, सार्वभौमिक और विस्तारित दोनों ही पात्रताओं में, लंच समय की अवधि को कवर कर सकते हैं जहां यह बच्चों के समग्र अधिगम और विकास प्रक्रिया को समर्थन देने के लिए संरचित होता है

जब नि:शुल्क पात्रता के घंटे में लंच समय अवधि शामिल होती है, तो लंच या स्नैक्स के लिए शुल्क लिया जा सकता है, लंच के लिए कोई भी शुल्क के लिए आपके साथ पहले से सहमति होनी चाहिए। अगर आप इस शुल्क का भुगतान **नहीं करना चाहते हैं** तो प्रदाता को आपको पैक किए गए लंच का विकल्प देना चाहिए या अपने बच्चे को लंच अवधि के दौरान परिसर से बाहर ले जाने की अनुमति देनी चाहिए

प्रश्न. प्रदाता ने मुझे एक टॉप अप शुल्क देने के लिए कहा है - क्या इसकी अनुमति है?

उत्तर. नहीं, प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता पात्रता घंटों के लिए कोई भी 'टॉप अप' शुल्क (जो उनके द्वारा आम तौर पर चार्ज किए जाने वाले और उन्हें ECC से प्राप्त होने वाली राशि का अंतर) नहीं ले सकते हैं।

प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता केवल उन घंटे और सेवाओं के लिए शुल्क ले सकते हैं जो कि नि:शुल्क सेवा का हिस्सा नहीं हैं। जिस भी लागत के लिए आप उत्तरदायी हो सकते हैं, उसे पहले ही माता-पिता/देखभालकर्ता समझौते के फॉर्म पर साफ तौर पर स्पष्ट किया जाना चाहिए, जिसे दिखाना चाहिए कि;

- आप अपने बच्चे के लिए पूर्ण वित्तपोषित 15 घंटों का स्थान पूरी तरह से नि:शुल्क प्राप्त कर चुके हैं, इन नि:शुल्क 15 घंटों से जुड़ा कोई भी मौद्रिक मूल्य नहीं होना चाहिए
- अतिरिक्त घंटों और सेवाओं के लिए शुल्क लिया जा सकता है, उदा. नि:शुल्क वित्तपोषित घंटों के अलावा भोजन या घंटे। प्रदाता को स्थान लेने से पहले आपको इसके लिए सूचित करना होगा क्योंकि आप मूल सहमति फॉर्म पर हस्ताक्षर करके उनको इसकी सहमति दे रहे होंगे

कृपया इससे भी अवगत रहें;

- प्रदाता बच्चे के FEEE स्थान के बाहर अतिरिक्त घंटे के लिए जो दरें वसूलता है, वे प्रदाता और बच्चे के माता-पिता/देखभालकर्ता के बीच का एक निजी मामला हैं। स्थानीय प्राधिकार किसी बच्चे के FEEE स्थान के बाहर प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं के निजी व्यवसाय में हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं
- अगर आपका बच्चा केवल 15 घंटे के FEEE का ही उपयोग कर रहा है तो आपको इनवॉइस की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, प्रदाता को आपको यह अवश्य बता देना चाहिए कि फंडिंग के लिए आपकी ओर से एक आवेदन किया गया है और सुनिश्चत करना चाहिए कि आप माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म को पूरा करें
- किसी भी अतिरिक्त घंटे और/या सेवाओं के लिए शुल्कों को स्पष्ट रूप से एक इनवॉइस पर अलग से दर्ज किया जाना चाहिए।

प्रश्न. मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझसे सही राशि वसूली जा रही है?

उत्तर. आपको एक ऐसी इनवॉइस प्रदान की जानी चाहिए जो अवश्य ही स्पष्ट और पारदर्शी हो ताकि आप स्पष्ट रूप से समझ सकें कि उसके लिए क्या शुल्क लिया गया है।

प्रदाता की ओर से आपको भेजे जाने वाले इनवॉइस में निम्नलिखित चीजों को शामिल करना चाहिए:

- संबंधित दिनांक
- चाइल्डकेयर प्रावधान विवरण
- आपका/आपके बच्चे का विवरण
- इनवॉइस के लिए समय अवधि अर्थात् एक सप्ताह, दो सप्ताह, एक महीने
- उसे यह अलग-अलग उल्लेख करना चाहिए कि क्या निःशुल्क है अर्थात् FEEE वित्तपोषित घंटे, और शुल्क वाले आइटम कौन से हैं
- FEEE घंटों को मौद्रिक मूल्य के रूप में या इनवॉइस पर रियायती आइटम के रूप में प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है
- FEEE घंटों के बाहर लिए गए शुल्क वाले घंटों का इनवॉइस पर स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए
- आपके साथ पहले हुई सहमति के अनुसार किसी भी स्नैक्स, भोजन और अतिरिक्त गतिविधियों को इनवॉइस पर स्पष्ट रूप से अलग-अलग उल्लेखित किया जाना चाहिए
- प्रदाता को यह दर्शाना चाहिए कि कब आपको उनकी इनवॉइस का भुगतान करना चाहिए

प्रश्न. अगर मुझे सिर्फ मेरी नि:शुल्क पात्रता चाहिए तो क्या मुझे कोई भुगतान करना पड़ेगा?

उत्तर. नहीं, पात्रता दो, तीन और चार वर्षीय प्रत्येक पात्र बच्चे के लिए नि:शुल्क, अंशकालिक स्थान है। यदि आप केवल अपने FEEE वित्तपोषित घंटों का ही उपयोग करना चाहते हैं तो आपसे किसी भी अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने की अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए जैसे नाश्ता या पाठ्येतर गतिविधियां जब तक कि आपने अपने स्थान लेने से पहले इन पर सहमति न दी हो।

प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता तीन और चार वर्ष के बच्चों हेतु नि:शुल्क पात्रता स्थान आरक्षित करने के लिए वापसी योग्य राशि जमा करवा सकते हैं, लेकिन दो वर्ष के पात्र बच्चों के लिए ऐसा **नहीं** कर सकते। प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता अधिकतम एक सप्ताह, जिसमें आप कितने घंटों को पूरा करना चाहते हैं, का शुल्क जमा कर सकते हैं। प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता को जमा वापस करना होगा, जब आपका बच्चा उस अवधि के लिए आधी अवधि के ब्रेक के बाद भी स्थान नहीं लेता है।

प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को अवश्य ही यह **नहीं करना चाहिए**;

- किसी भी वित्तपोषित स्थान के साथ कोई शर्त जोड़े जो आपको अतिरिक्त घंटों की खरीदारी करने या नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा पाने के लिए लंच के शुल्क का भुगतान के लिए के लिए बाध्य करती हो
- किसी भी ऐसी वस्तु या सेवा के लिए शुल्क वसूले जहां इस तरह के भुगतान के लिए नि:शुल्क स्थान का उपयोग करने के लिए सशर्त पहुंच है उदाहरण के लिए पंजीकरण शुल्क या वर्दी के लिए शुल्क

प्रश्न. सप्ताह के कितने दिनों में मैं अपनी नि:शुल्क पात्रता प्राप्त कर सकता/सकती हूं?

उत्तर. FEEE को कई तरीकों से लिया जा सकता है। यह सुनिश्चित करना ECC का कर्तव्य है कि, न्यूनतम रूप में, आप निम्नलिखित पैटर्नों में FEEE तक पहुंच हासिल कर सकते हैं:

- या तो सप्ताह के पांच दिनों में तीन घंटे प्रतिदिन
- या सप्ताह के तीन दिनों में पांच घंटे प्रतिदिन

निःशुल्क प्रारंभिक शिक्षा स्थान किसी एक प्रदाता या प्रावधान के किसी विशेष स्वरूप में आपको किसी स्थान की गारंटी प्रदान नहीं करता है, आपको ऐसी जगह खोजनी होगी जो आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप है। प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता स्कूल अवधि के समय के अनुरूप FEEE स्थान डिलीवर करना चुनते हैं, लेकिन उनको ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है और कुछ अधिक सप्ताहों के दौरान भी स्थानों की पेशकश करेंगे।

प्रश्न. क्या मैं अभी भी 38 सप्ताह से कम समय के लिए अपना नि:शुल्क पात्रता फंडिंग लेने का विकल्प चुन सकता/सकती हूं?

उत्तर. हां, आप अपनी पसंद के प्रदाता से कम से कम 38 सप्ताह के लिए फंडिंग ले सकते हैं; उन्हे कम से कम 33 सप्ताह की पेशकश करनी चाहिए।

यदि आपका प्रदाता घटी पात्रता डिलीवर करने के लिए फंड प्राप्त कर रहा है तो वे आपसे अतिरिक्त घंटे के प्रावधान के लिए शुल्क नहीं ले सकते हैं यदि आपका बच्चा सप्ताह में 15 घंटे या कम का ही उपयोग कर रहा है।

यदि आप उस प्रदाता के ऑफर को चुनते हैं जो 38 सप्ताह से कम समय प्रदान करता है, तो शेष बचे हुए हफ्तों को अन्य प्रावधानों पर पूरा करना संभव नहीं है। यदि आपको पूर्ण 38 सप्ताह की जरूरत है तो एक ऐसा प्रदाता चुनना सबसे अच्छा होगा जो इसको समायोजित कर सके।

प्रश्न. क्या मैं 38 सप्ताह से अधिक समय के लिए नि:शुल्क पात्रता लेने में सक्षम हूं?

उत्तर. हां ले सकते हैं, लेकिन आप प्रति सत्र अधिकतम घंटे का जो दावा कर सकते हैं वह न तो बदलेगा और न ही आपको प्राप्त होने वाले फंड की राशि जिसके आप हकदार हैं। प्रत्येक सत्र के लिए दावा किए जा सकने वाले अधिकतम घंटों के विभाजन के लिए नीचे दी गई तालिका को देखें, प्रति वर्ष दावा किए जा सकने वाले कुल घंटों की संख्या 570 है।

सत्र	समावेशी सत्र तिथियां	अवधि FEEE	घंटों में समतुल्य
ग्रीष्मकाल 2017	18/04/2017 - 21/07/2017	13 सप्ताह	13 सप्ताह x 15 घंटे = 195 घंटे
शरद 2017	04/09/2017 - 20/12/2017	14 सप्ताह	14 सप्ताह x 15 घंटे = 210 घंटे
वसंत 2018	02/01/2018 - 29/03/2018	11 सप्ताह	11 सप्ताह x 15 घंटे = 165 घंटे

यदि आपका प्रदाता वर्ष के 50 हफ्तों तक के फंड का प्रस्ताव करता है, तो कृपया ध्यान रखें कि प्रति सप्ताह अधिकतम 15 घंटों तक यथानुपात काम किया जाएगा और इसलिए घंटों में प्रति सप्ताह लगभग 11 घंटे की कमी आएगी।

प्रश्न. क्या मेरे प्रदाता को प्रशिक्षण के दिनों के लिए बंदी की अनुमति है?

उत्तर. हां, प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता 1 दिन तक की अवधि के लिए FEEE का दावा कर सकते हैं जब वे कर्मचारी प्रशिक्षण के लिए खुले हों। जहां तक संभव हो, इन दिनों को वित्तपोषित सत्रों से बाहर ही रखना चाहिए, लेकिन कुछ परिसर इनको समायोजित नहीं कर सकते, क्योंकि वे वित्तपोषित सप्ताह से ज्यादा समय तक नहीं खुलते हैं। यदि ऐसा है तो प्रदाता को आपके माता-पिता/देखभालकर्ता समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले आपको अवगत कराना चाहिए कि आप प्रति सत्र □□ FEEE दिन खो देंगे। आपके प्रदाता को किसी योजनाबद्ध बंदी के लिए कम से कम आधे सत्र का नोटिस भी देना चाहिए। आपको इस दिन के लिए कोई रिफंड नहीं मिलेगा क्योंकि FEEE फंडिंग के लिए कोई नकद मूल्य नहीं है

प्रश्न. क्या होगा यदि किसी बैंक अवकाश के दिन मेरा बच्चा उपस्थित होता है? क्या मैं एक वैकल्पिक दिन के ऑफर का पात्र हूं, ताकि मेरा बच्चा अपनी पूर्ण नि:शुल्क पात्रता फंडिंग का उपयोग कर सके?

उत्तर. यदि आप बैंक अवकाश के दिन अपने बच्चे के FEEE स्थान में एक्सेस के लिए अनुरोध करते हैं, यानी सोमवार को, तो प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता को आपको आपके माता-पिता सहमति फॉर्म पर हस्ताक्षर करने से पहले यह सूचित करना चाहिए कि आपका बच्चा बैंक अवकाश पर अपनी पात्रता का उपयोग नहीं कर पाएगा। कुछ प्रारंभिक वर्ष एवं चाइल्डकेयर प्रदाता इस अवधि को कवर करने के लिए आपको एक अलग सत्र प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं, लेकिन उनमें से सभी यह करने में सक्षम नहीं होंगे। अगर प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता अन्य ऑफर नहीं दे पा रहा है, तो आपको यह जानना जरूरी है कि आपका बच्चा अपनी पूर्ण पात्रता प्राप्त नहीं करेगा जहां वित्तपोषित हफ्तों के भीतर बैंक अवकाश हैं, क्योंकि इन दिनों को किसी अन्य प्रारंभिक वर्ष एवं चाइल्डकेयर प्रदाता के साथ नहीं लिया जा सकता है।

प्रश्न. DfE दिशानिर्देशों का कहना है कि मैं एक दिन में अधिकतम 10 घंटे का दावा कर सकता/सकती हूं - क्या यह सही है?

उत्तर. हां। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश यह निर्धारित करते हैं कि माता-पिता किसी एक दिन में 10 घंटे तक की FEEE का दावा कर सकते हैं।

किसी माता-पिता के लिए कम से कम दो दिन और अधिकतम पांच दिनों के लिए 15 घंटे लेना भी संभव है, और यह दावा सुबह 6 और रात 8 बजे के बीच किया जा सकता है।

प्रश्न. क्या यह सिर्फ उन घंटों के लिए मांगना ठीक होगा, जिनके लिए मैं दावा करना चाहता हूं या कि क्या मुझे पूरी पात्रता के अधिकार लेना होगा?

उत्तर. हां, अगर आप चाहते हैं तो आप उन घंटों के बारे में मांग कर सकते हैं, यदि □□ EfE के लिए अर्ह हैं, तो आपको 15 घंटे या अतिरिक्त 15 घंटे लेने की जरूरत नहीं है, अगर आप ऐसा नहीं चाहते हैं।

प्रत्येक सत्र की शुरुआत में अपने घंटों के लिए पूछते समय प्रदाता को स्पष्ट रहे कि आप कब और कितने घंटे ले सकते हैं। आपके माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म पर इसकी पुष्टि होनी चाहिए।

ध्यान दें। प्रदाता को ECC द्वारा केवल घंटे की राशि के लिए फंड दिया जाएगा जिस सेटिंग में आपका बच्चा वास्तव में भाग लेता है।

प्रश्न. क्या होगा अगर मेरी दो एसेक्स प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं के बीच अपनी चाइल्डकेयर पात्रता को विभाजित करने की इच्छा हो - क्या मैं यह कर सकता/सकती हूं और दावा किए गए घंटे की संख्या की जांच कैसे करूं?

उत्तर. हां, अगर आप तीन और चार साल के बच्चों के लिए FEEE का उपयोग कर रहे हैं, तो आप अपने 15 घंटों को विभाजित कर सकते हैं, या अतिरिक्त 15 घंटे तक यदि □□ EfE के लिए पात्र हैं, तो दो प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं के बीच अगर यह आपकी जरूरतो को पूरा करे। हालांकि, आपको यह जानना जरूरी है कि कुछ चाइल्डकेयर सेटिंग, विशेष रूप से स्कूलों में, एकमात्र एकल प्रदाता नीति होगी और विभाजित फंडिंग की अनुमति नहीं देगें।

अगर आप फंडिंग को विभाजित कर रहे हैं तो आपको इसे प्रत्येक सत्र की शुरुआत में यह बताते हुए कि हर प्रावधान में आप कितने घंटे लेंगे, उस माता-पिता समझौता फॉर्म पर घोषित करना होगा जिसे आप अपने चुने हुए प्रत्येक प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं के साथ हस्ताक्षरित करते हैं। आप अपने चुने हुए प्रत्येक प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता के बीच अपनी पात्रता से ज्यादा के लिए दावा नहीं कर सकते हैं

दोनों प्रावधान आपके बच्चे के लिए आपके प्रत्येक दावे के विवरण को एसेक्स काउंटी काउंसिल में जमा करेंगे जो फिर से किसी भी फालतू दावे को रोकने के लिए प्रत्येक बच्चे के विवरण की जांच करेगा। यदि आप अधिक का दावा करते हैं, तो आपसे प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर प्रदाताओं को FEEE से ऊपर वाले घंटों के लिए उनकी दर से शुल्क भुगतान की उम्मीद की जाएगी

यदि आपका बच्चा दो साल के बच्चों की FEEE तक पहुंच हासिल कर रहा है, तो वे केवल एक ही प्रदाता को अटेंड कर सकते हैं।

प्रश्न. क्या आप स्कूल स्थानों और नर्सरी स्थानों को जोड़ सकते हैं?

उत्तर. हां, यदि आप चाहें तो अपनी नि:शुल्क पात्रता को PVI प्रावधान और एक अनुरक्षित स्कूल नर्सरी/नर्सरी कक्षा/नर्सरी स्कूल के बीच विभाजित कर सकते हैं। हालांकि आपको ध्यान रखना चाहिए कि ज्यादातर स्कूलों में एक ही प्रदाता वाली नीति होगी और यह शायद संभव न हो।

ECC का FEEE अनुबंध प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को 'एकल प्रावधान नीति' संचालित करने का विकल्प देता है अगर उनकी यही नीति है, तो उन्हें अवश्य ही आपको माता-पिता/देखभालकर्ता समझौता फॉर्म को पूरा करते समय सूचित करना चाहिए।

आप स्कूल में फंडिंग को PVI और रिसेप्शन क्लास के बीच विभाजित नहीं कर सकते हैं। जब कोई बच्चा किसी स्कूल में रिसेप्शन क्लास में प्रवेश करता है तो वे □□ FEEE के लिए पात्र नहीं होंगे।

यदि आपका बच्चा राज्य स्कूल (निजी या स्वतंत्र स्कूल नहीं) में कोई रिसेप्शन क्लास में शुरुआत करने वाला है तो आप नि:शुल्क पात्रता फंडिंग का दावा करने में सक्षम नहीं होंगे।

प्रश्न. क्या हम आग्रह कर सकते हैं कि प्रदाता अधिक घंटों के लिए खुला रहे?

उत्तर. नहीं। यह अलग-अलग सेटिंग्स पर निर्भर है, लेकिन समान रूप से उन्हें माता-पिता की मांग (पर्याप्तता) के प्रति जागरूक होना चाहिए क्योंकि कोई अन्य प्रदाता बाजार में जरूरत या किसी भी अंतराल को पूरा कर सकता है।

ध्यान दें। नि:शुल्क पात्रता के घंटों को सुबह 6 बजे – रात 8 बजे के बीच उपयोग किया जा सकता है

प्रश्न. अब मैं अपने घंटे बढ़ाना चाहता/चाहती हूं, भले ही सत्र शुरू हो गया हो क्या यह संभव है?

उत्तर. नहीं, प्रत्येक सत्र की शुरुआत में हम माता-पिता/देखभालकर्ताओं से प्रदाता के साथ एक घोषणा फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए कहते हैं ताकि वे आपकी ओर से फंड का दावा कर सकें। गणना दिवस के बाद घंटे बढ़ाने का अर्थ है कि प्रदाता माता-पिता द्वारा अनुरोध किए गए अतिरिक्त घंटों के लिए दावा नहीं कर सकता है। ECC इन अतिरिक्त घंटों के लिए प्रदाता को भुगतान नहीं करेगा। इस मामले में प्रदाता माता-पिता को मौजूदा सत्र के अंत तक अतिरिक्त घंटों हेतु भुगतान करने के लिए कह सकता है (यह प्रदाता/माता-पिता अनुबंध में शामिल किया जाना चाहिए)।

4. गुणवत्ता

परिणाम: सभी बच्चे उच्च गुणवत्ता वाली सेटिंग में वित्तपोषित प्रारंभिक अधिगम शिक्षा के लिए अपनी पात्रता लेने में सक्षम होगें। साक्ष्य दर्शाता है कि उच्च गुणवत्ता प्रावधान बच्चों को कहीं अधिक विकासात्मक लाभ देते हैं, विशेष रूप से सर्वाधिक वंचित बच्चों को। साक्ष्य यह भी दर्शाता है कि दो वर्ष की उम्र में उच्च गुणवत्ता की प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के विकास के लिए लाभकारी होती है। यह मार्गदर्शन सरकार के इरादे को दर्शाता है, कि जहां तक संभव हो, दो साल के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता द्वारा डिलीवर की जाए जिन्होंने अपने हालिया ऑफस्टेड निरीक्षण रिपोर्ट में 'उत्कृष्ट' या 'अच्छी' रेटिंग प्राप्त की हैं।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रश्न. मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे बच्चे को अच्छी देखभाल मिल रही है?

उत्तर. ECC को यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि FEEE डिलीवर करने वाले सभी प्रारंभिक वर्ष प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को अवश्य ही:

- पूर्ण प्रारंभिक वर्ष फाउंडेशन स्टेज (EYFS) डिलीवर करना चाहिए और या तो ऑफस्टेड के साथ प्रारंभिक वर्ष प्रदाता के रूप में पंजीकृत होना चाहिए, या तो ऐसा स्कूल हो जो तीन और अधिक वर्ष के बच्चों को लेता हो तथा इसलिए प्रारंभिक वर्ष प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं के रूप में ऑफस्टेड के पास पंजीकरण कराने से छूट मिली हो
- ऑफस्टेड द्वारा एक निरीक्षण सबमिट करना चाहिए
- FEEE प्राप्त करने वाले बच्चों के बारे में रिकॉर्ड रखना चाहिए और उस जानकारी को अनुरोध पर स्थानीय प्राधिकार और ऑफस्टेड को उपलब्ध कराना चाहिए

प्रश्न. क्या मैं किसी भी प्रदाता से अपनी चुनी गई नि:शुल्क पात्रता प्राप्त कर सकता/सकती हूं?

उत्तर. ECC केवल ऑफस्टेड में पंजीकृत प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को ही वित्तपोषित करेगा □□ □□ FEEE अनुबंध रखेगा, और:

- अपने निर्णय को इस पर आधारित करेगा कि क्या प्रारंभिक शिक्षा स्थानों को केवल अपने सबसे हालिया ऑफस्टेड पर डिलीवर करने के लिए किसी प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता को फंड दे या नहीं
- ऑफस्टेड द्वारा 'अच्छे' या 'उत्कृष्ट' रेटिंग वाले किसी भी प्रदाता के पास भाग ले रहे दो, तीन और चार वर्षीय बच्चों के लिए स्थानों को वित्तपोषित करेगा
- 'सुधार की आवश्यकता' की रेटिंग वाले किसी भी प्रदाता के पास भाग ले रहे तीन और चार वर्षीय बच्चों के लिए स्थानों को वित्तपोषित करेगा
- 'सुधार की आवश्यकता' वाले प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं के पास केवल दो वर्षीय बच्चों के स्थानों को वित्तपोषित करेगा जहां पर्याप्त, सुलभ 'अच्छा' या 'उत्कृष्ट' प्रावधान नहीं है

- उन बच्चों के लिए वैकल्पिक प्रावधान हासिल करेगा और फंडिंग वापस लेगा, जैसे ही यह व्यावहारिक हो, जो पहले से ही किसी प्रदाता के पास अपनी वित्तपोषित पात्रता प्राप्त कर रहे हैं जब ऑफस्टेड द्वारा इसकी रेटिंग 'अपर्याप्त' के रूप में की जाती है
- अपने पहले पूर्ण ऑफस्टेड निरीक्षण निर्णय के प्रकाशित होने तक, ऑफस्टेड में पंजीकृत नए प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को फंड प्रदान करेगा।

5. FEEE स्थानों की फंडिंग

परिणाम: निष्पक्ष और पारदर्शी फंडिंग प्रारंभिक शिक्षा स्थान डिलीवर करने के लिए विविध श्रेणी के प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं की सहायता करती है और मौजूदा प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को विस्तार के लिए तथा नए प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को चाइल्डकेयर बाजार में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह विविधता माता-पिता को एक ऐसा प्रदाता चुनने में सक्षम बनाती है जो उनके बच्चे और परिवार की जरूरतों को पूरा करती है।

FEEE के लिए पात्र बच्चे वर्ष भर में 570 घंटे के लिए हकदार होंगे जिन्हें कम से कम 33 सप्ताह और अधिकतम 52 सप्ताह तक किया जा सकता है। इस पात्रता को ग्यारह से पंद्रह हफ्तों तक की तीन अवधियों में विभाजित किया जाता है जो स्कूल की अवधियों को प्रतिबिंबित करते हैं।

सितंबर 2017 से, पूरे देश में अर्ह कामकाजी माता-पिता के बच्चे प्रति वर्ष अतिरिक्त 570 घंटे के पात्र होंगे, जिसका अर्थ है कि कई परिवार अपने 3 या 4 वर्षीय बच्चों के लिए प्रति वर्ष में 1140 घंटे नि:शुल्क चाइल्डकेयर या अधिकतम प्रति सप्ताह 30 घंटे प्रति सत्र-अवधि का दावा करने में सक्षम होंगे।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रश्न. प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर प्रदाता ECC से फंडिंग का दावा कैसे करते हैं?

उत्तर. प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर प्रदाता आपके बच्चे के विवरणों को प्रत्येक सत्र में तय समय पर ऑनलाइन फॉर्म में दर्ज करता है, नीचे दी गई तालिका उस सत्र की तारीख को निर्धारित करती है जब फंड का दावा किया जा सकता है। प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर प्रदाता एक गणना सबमिट करेगा जिसमें एक तय अवधि में प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर सेटिंग में भाग ले रहे सभी बच्चे शामिल होते हैं।

सत्र	समावेशी सत्र तिथियां	FEEE की अवधि	घंटों में समतुल्य
ग्रीष्मकाल 2017	18/04/2017 - 21/07/2017	13 सप्ताह	13 सप्ताह x 15 घंटे = 195 घंटे
शरद 2017	04/09/2017 - 20/12/2017	14 सप्ताह	14 सप्ताह x 15 घंटे = 210 घंटे

वसंत 2018	02/01/2018 - 29/03/2018	11 सप्ताह	11 सप्ताह x 15 घंटे = 165 घंटे

प्रदाता पूरे साल में 570 घंटों तक की FEEE का दावा कर सकता है। यदि प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता 38 सप्ताह से अधिक समय तक पात्रता को फैला रहे हैं तो भी वे ऊपर की तारीखों के भीतर पूरे 570 घंटों का दावा करते हैं।

FEEE फंडिंग का भुगतान प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता को किया जाता है यदि वह निम्नलिखित शर्तों को पूरा करता हो:

- आपके बच्चे को गिनती में शामिल किया गया है और गणना के दिन प्रावधान में पंजीकृत हुआ है
- या यदि आपके बच्चे को गिनती में शामिल किया गया है, लेकिन उस सप्ताह के दौरान बीमार या अनुपस्थित रहा है, और वास्तव में उस सत्र के दौरान उसके स्थान लेने की उम्मीद थी
- अगर आपका बच्चा गिनती की तारीख के बाद शामिल होता तो देरी से दावा सबमिट किया जा सकता है, बशर्ते आपके बच्चे ने उस सत्र के लिए एसेक्स में किसी अन्य प्रावधान में FEEE का दावा न किया हो

प्रश्न. प्रदाता को कितना भुगतान किया जाता है?

उत्तर. दो साल के पात्र बच्चों के लिए FEEE की पेशकश करने वाले सभी प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को उन मौजूद दो वर्षीय बच्चों के स्थानों के लिए प्रति घंटे प्रति बच्चे £5.18 की समान दर से भुगतान किया जाता है।

तीन और चार साल के बच्चों के लिए FEEE के प्रारंभिक वर्ष में एक एकल फंडिंग फॉर्मूला (SFF) का उपयोग करके भुगतान किया जाता है। स्थानीय प्राधिकार की ओर से वर्ष 2017/18 में प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को भुगतान की जाने वाली प्रति घंटा की दर को नीचे निर्धारित किया गया है

- प्री-स्कूल, डे नर्सरी और स्वतंत्र स्कूल - £4.21 प्रति घंटे
- चाइल्डमेंडर्स - £4.41 प्रति घंटे
- अनुरक्षित स्कूल और एकेडमी नर्सरी कक्षाएं - £4.24 प्रति घंटे
- अनुरक्षित नर्सरी स्कूल - £6.19 प्रति घंटे

प्रारंभिक वर्ष चाइल्केयर प्रदाताओं को उनके होम पोस्टकोड के आधार पर योग्य बच्चों के लिए अतिरिक्त 10p, 20p या 30p प्रति घंटे का एक सामाजिक हानि अनुपूरक प्राप्त होता है।

वे अपने सेटिंग में भाग लेने वाले तीन और चार वर्षीय बच्चों के लिए प्रारंभिक वर्ष छात्र प्रीमियम (EYPP) भी प्राप्त कर सकते हैं। EYPP की गणना EYPP के हर घंटे के लिए एक अतिरिक्त 53 पेंस प्रति घंटे पर की जाती है।

प्रश्न. मेरे बच्चे की विशेष आवश्यकताएं हैं क्या मैं किसी भी अतिरिक्त वित्तपोषण का हकदार हूं?

उत्तर. ECC के पास दावा करना चाइल्डकेयर प्रदाता पर निर्भर होगा, जैसे कि आपके बच्चे के लिए किन्हीं अतिरिक्त चाइल्डकेयर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई समावेशी अनुदान। किसी भी ऐसे दावे के समर्थन में साक्ष्य को एक विशेष शैक्षिक आवश्यकता सलाहकार जैसे चाइल्डकेयर पेशेवर द्वारा प्रमाणित करने की जरूरत होगी। आपके बच्चे को किसी भी अतिरिक्त सेवा की पेशकश करने में सक्षम बनाने के लिए फंडिंग प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर प्रदाता के पास जाएगी।

प्रश्न. क्या सत्र के दौरान छुट्टी लेना ठीक है, और यदि ऐसा है, तो जब मेरा बच्चा उपस्थित नहीं हो रहा है उस समय के लिए क्या मेरे चाइल्डकेयर प्रदाता को दंडित किया जाएगा?

उत्तर. हां, यह सही है। यदि बच्चा कम अवधि की छुट्टी या बीमारी के कारण अनुपस्थित है तो प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाता को फंडिंग नहीं रोकना चाहिए था

प्रश्न. यदि आप स्कूल में स्थान चाहते हैं तो क्या स्कूलों को यह कहने की अनुमति है कि आपको हमारी नर्सरी में आना होगा?

उत्तर. नहीं, उन्हें ऐसा कहने की अनुमति नहीं है, लेकिन हम सब जानते हैं कि ऐसा बराबर होता रहता है। यदि आपसे ऐसा कहा गया है, तो हम इसके लिए सराहना करेंगे कि इसे हमारे ध्यान में लाया जाए ताकि हम कार्रवाई कर सकें।

प्रश्न. मैंने हाल में ही एक अन्य स्थानीय प्राधिकार से एसेक्स आया हूं - क्या मैं नि:शुल्क पात्रता फंडिंग के लिए दावा करने में सक्षम हूं, हालांकि सत्र शुरू हो चुका है?

उत्तर. हम चाइल्डकेयर प्रदाता को किसी भी ऐसे बच्चे का दावा करने की अनुमति देंगे जो पहले से एसेक्स में नामांकित नहीं है। वे उस सत्र के लिए बची पात्रता के लिए 'देरी से दावा' करने में सक्षम होगें।

प्रश्न. क्या होगा अगर मैं अपने बच्चे को एक एसेक्स चाइल्डकेयर प्रदाता से दूसरे को स्थानांतरित करना चाहूं क्या यह संभव है और यह कैसे वित्तपोषित होता है?

उत्तर. हमारे द्वारा प्रारंभिक वर्ष चाइल्डकेयर प्रदाताओं को आपूर्ति किए जाने वाले नि:शुल्क पात्रता अनुबंध यह अनुरोध करते हैं कि वे फंडिंग को हस्तांतरित कर दें यदि कोई बच्चा किसी अलग प्रदाता के पास चला जाता है। हालांकि, प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर प्रदाता नोटिस अवधि के लिए शुल्क वसूली के हकदार होंगे। ECC इस बात पर जोर देने में असमर्थ है कि प्रारंभिक वर्ष और चाइल्डकेयर प्रदाता ऐसा करें, इसलिए आप नए प्रदाता के पास शेष बची अवधि के शुल्क के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं, ऐसे में यदि संभव हो तो कृपया अपने बच्चे को स्थानांतरित करने के निर्णय लेने से पहले इसे जांच लें

प्रश्न. यदि मेरा प्रदाता सत्र के दौरान अप्रत्याशित रूप से बंद कर देता है तो मैं क्या करूं?

उत्तर. यदि कोई प्रावधान किसी सत्र के दौरान बंद होता है तो आपको वैकल्पिक प्रावधान तलाशने की आवश्यकता होगी, कृपया सहायता के लिए परिवार सूचना सेवा से fis@essex.gov.uk पर ईमेल के जरिए या टेलीफोन द्वारा 0800 055 6874 पर संपर्क करें। एक बार आपके वैकल्पिक प्रदाता हासिल कर लेने के बाद, वे सत्र की बाकी अवधि के लिए आपके बच्चे की FEEE का देर से दावा सबमिट करेंगे।